**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3647**

**24 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**एम्स भुवनेश्वर की क्षमता और सेवाएँ**

**3647. श्री शुभाशीष खुंटिया:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह आकलन किया गया है कि एम्स भुवनेश्वर में संस्वीकृत और कार्यरत बेड की संख्या औसत दैनिक ओपीडी और आईपीडी रोगियों की संख्या की तुलना में कितनी है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मौजूदा बेड की क्षमता वर्तमान में आने वाले मरीजों की संख्या को पूरा करने के लिए पर्याप्त है;

(ग) क्या संस्वीकृत और रिक्त संकाय एवं विशेषज्ञ पदों की संख्या की समीक्षा की गई है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सुपर-स्पेशलिटी विभाग पूरी तरह से संचालित हैं और प्रमुख सर्जरी के लिए औसत प्रतीक्षा अवधि कितनी है; और

(ङ) क्या विस्तार की कोई योजना विचारधीन है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत स्थापित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर में 1028 कार्यशील बिस्तर हैं। वर्ष 2024-25 में एम्स भुवनेश्वर में उपचार करवाने वाले ओपीडी और आईपीडी रोगियों की संख्या निम्नानुसार है:

| **कुल ओपीडी** | **कुल आईपीडी** |
|---|---|
| 12,72,311 | 41,876 |

(ग): एम्स भुवनेश्वर में स्वीकृत पदों और भरे गए पदों का विवरण निम्नानुसार है:

| **संकाय** | | **गैर-संकाय** | |
|---|---|---|---|
| स्वीकृत | पदस्थ | स्वीकृत | पदस्थ |
| 337 | 238 | 3963 | 2937 |

एम्स में पदों का सृजन और उन्हे भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। वर्ष 2025 में, एम्स भुवनेश्वर के लिए 81 अतिरिक्त पद (संकाय/गैर-संकाय पद) सृजित किए गए हैं।

(घ) और (ङ): एम्स भुवनेश्वर में 35 विभाग (स्पेशिएलिटी और सुपर-स्पेशिएलिटी सहित) कार्यशील हैं। संस्थान में रोगियों की सर्जरी के लिए प्रतीक्षा अवधि रोगी की चिकित्सीय स्थिति, अपेक्षित उपचार की तात्कालिकता और बिस्तर की उपलब्धता पर निर्भर करती है। संस्थान में विभिन्न सुविधाओं का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया जाता है।

*****